
UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत
वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्वलिक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-179 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) गुरूवार 11 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## मोदी सरकार के 12 साल; सीएम योगी ने भेजा पत्र

### लिखा- 'उत्तर प्रदेश 'आस्था और अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम' बनकर उभरा



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल पर उन्हें पत्र लिखकर बधाई दी है. 10 जून (बुधवार) को भेजे गए इस पत्र में सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश 'आस्था और अर्थव्यवस्था का अद्भुत संगम' बनकर उभरा है.



उन्होंने लिखा कि अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर राम लला का विराजमान होना, काशी विश्वनाथ धाम के सफल पुनरोद्धार आदि के साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के आपके मूल मंत्र ने विगत 12 वर्षों में भारत के विकास को नई दिशा, नई गति और विश्वास प्रदान किया है. सीएम योगी ने लिखा कि इसी प्रेरणा से उत्तर प्रदेश भी जनकल्याण, सुशासन और समावेशी विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित करते हुए 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. पत्र में उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के यूपी में हुए क्रियान्वयन का विस्तृत ब्योरा भी दिया. स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदेश में लगभग 3 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है. प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करीब 65 लाख परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराया गया. आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ पात्र नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा कवच मिला. प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के जरिए करीब 15 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन वितरित किया जा रहा है. महिला सशक्तिकरण का जिक्र करते हुए सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से 1.86 करोड़ महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली. कृषि क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रदेश के 3 करोड़ से अधिक किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता प्राप्त हुई. इसके अलावा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सॉयल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और अन्य किसान हितैषी कार्यक्रमों ने कृषि को नई मजबूती दी है. सीएम योगी ने पत्र के अंत में कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है और राज्य केंद्र की योजनाओं को जमीन पर उतारने में एक मॉडल राज्य के रूप में उभरा है. यह पत्र ऐसे समय आया है जब केंद्र में मोदी सरकार के 12 साल पूरे होने पर देशभर में उपलब्धियों को रेखांकित किया जा रहा है.

## यूपी में आंधी-बारिश का दौर शुरू!

### अगले 48 घंटे IMD की बड़ी चेतावनी; जानिए कब पहुंचेगा मानसून

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और लू से परेशान लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है. मौसम विभाग के अनुसार 11 जून से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है.




एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से कई जिलों में तेज हवाएं, बादल और बारिश की गतिविधियां बढ़ेंगी. पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार ऊंचा बना हुआ है, जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था. अब मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो से तीन दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज हो सकती है और लोगों को गर्मी से काफी राहत मिलेगी.

मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार कल और परसों उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं. कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि की भी संभावना जताई गई है. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसका असर ज्यादा देखने को मिल सकता है, जहां तेज हवाओं और बारिश का दौर दो दिनों तक बना रह सकता है. इतनी तेज हवाएं पेड़ गिरने, बिजली आपूर्ति प्रभावित होने और यातायात व्यवस्था बिगड़ने का कारण बन सकती हैं. मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी है. हालांकि मौसम बदलने की शुरुआत हो रही है, लेकिन आज प्रदेश के बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में लू का असर बना रह सकता है. कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना भी जताई गई है. राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में अगले कुछ दिनों के दौरान तापमान में कमी आने की उम्मीद है. मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि बारिश और तेज हवाओं के कारण लोगों को तपती गर्मी से राहत मिलेगी. किसानों के लिए यह मौसम फायदेमंद साबित हो सकता है, लेकिन तेज आंधी और ओलावृष्टि फसलों को नुकसान भी पहुंचा सकती है. ऐसे में किसानों को भी सतर्क रहने की जरूरत है. मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में मानसून की एंट्री के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं. पूर्वी यूपी के कई हिस्सों में 15 से 18 जून के बीच मानसून पहुंच सकता है, जबकि लखनऊ, कानपुर और आसपास के इलाकों में 20 जून के आसपास मानसून दस्तक दे सकता है. वहीं नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और सहारनपुर जैसे पश्चिमी जिलों में मानसून जून के आखिरी सप्ताह तक पहुंचने की संभावना है. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा आंधी, बारिश और बादलों की गतिविधियां मानसून की मजबूत आहट हैं. ऐसे में आने वाले दिनों में प्रदेश के मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल सकता है और लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिल सकती है.

## सुर्खियां.............

### सफाई के बाद मलबा न हटाने के कारण बारिश में मलबा फिर नाले में जाने की आशंका, मलबा पूरी तरह से साफ करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** गांव में सफाई के नाम पर खानापूर्ति, किए जाने और नाले की सफाई के बाद उसका मलबा न हटाने के कारण बारिश में मलबा फिर नाले में जाने की आशंका है। ग्रामीण ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है।

### प्रबंधक भक्त ने पचपिंडा देवी मंदिर जीर्णोद्धार रंगाई पुताई कर किया सुशोभित

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 10 जून** पचपिंडा देवी मां देवी ने भक्त प्रबंधक को अपने को सुशोभित करने के लिए स्वपन देकर मंदिर को पुन: सुसज्जित करने के निर्देश दिए थे। विदित हो कि पांडव ने नगर के मोहल्ला कागजीपुरा स्थित पचपन मठियों सहित मंदिर की स्थापना की थी उक्त मंदिर कई सालों बाद पूरी तरह से मंदिर में स्थापित मठिया पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो गई थी

### हल्की सी तेज हवा क्या चली, लड़खड़ा गई जालौन की विधुत व्यवस्था

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** मंगलवार की रात हल्की सी तेज हवा चलने पर नगर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। तेज हवा के चलते रात में पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को करीब पांच घंटे तक भीषण गर्मी में बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी। रात साढ़े दस बजे गुल हुई बिजली सुबह करीब साढ़े तीन बजे बहाल हो सकी।

## राहुल गांधी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें, भगवान राम के काल्पनिक पात्र मामले में फिर से होगी सुनवाई

( यंग भारत न्यूज )

**वाराणसी:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ती हुई नजर आ रही हैं. एक विवादित बयान के मामले में वाराणसी की एमपी-एमएलए कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है. कोर्ट ने इस मामले में वकील हरिशंकर पांडेय की निगरानी याचिका को स्वीकार करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को पलट दिया है, जिसमें इस परिवाद को खारिज किया गया था. अब वाराणसी मजिस्ट्रेट कोर्ट में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ इस मामले में फिर से सुनवाई शुरू होगी और उन्हें उपस्थित होकर जमानत करानी पड़ेगी.




वाराणसी के वकील हरिशंकर पांडेय के द्वारा एक परिवाद दायर किया गया था, जिसमें दावा किया गया था कि राहुल गांधी ने विदेशी धरती पर जाकर भगवान राम को काल्पनिक कहा था. इस मामले में निचली अदालत ने मुकदमा खारिज कर दिया था, जिर पर आज एमपी-एमएलए कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है. इस फैसले के बाद मुकदमा फिर से शुरू किया जाएगा और राहुल गांधी के सामने एक और कानूनी संकट खड़ा होगा. इस मामले में वकील का कहना है कि अगर ये मुकदमा चलता है और ट्रायल सही निकल गया, तो राहुल गांधी की सदस्यता जा सकती है. वकील हरिशंकर पांडेय ने बताया कि, आज एडीजे की कोर्ट में फैसला आया है. हमारी निगरानी को अनुमति प्रदान की गई है. निगरानी इस बात की थी कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कहा था कि भगवान राम काल्पनिक हैं. उसके आधार पर लोअर कोर्ट में एक मुकदमा परिवाद के रूप में कायम हुआ था. लोअर कोर्ट ने यह कहा था कि, चूंकि भारत सरकार से परमिशन नहीं ली गई है, इसलिए मुकदमा चलने योग्य नहीं है. इस आधार पर हमने जाकर निगरानी कोर्ट में कहा कि, यह इस आधार खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इन्क्वॉयरी अलग शब्द है और ट्रायल अलग शब्द है. उन्होंने बताया कि, 'मैंने कहा कि कोर्ट को मेरी बात की इन्क्वॉयरी करनी चाहिए. इन्क्वॉयरी करने के बाद तब अपना निर्णय देना चाहिए था. कोर्ट ने इस बात को सही माना. जो मुकदमा 208 के अंदर खारिज हुआ था, वो बहाल किया गया. अब ये मुकदमा मजिस्ट्रेट कोर्ट के अंदर फिर से शुरू होगा और मेरी दलीलें सुनी जाएंगी, साक्ष्य लिए जाएंगे. उसके बाद भारत सरकार से परमिशन भी आएगा और ये मुकदमा भी चलेगा. यह मुकदमा 5 साल से अधिक का है, इसमें राहुल गांधी को आकर अपनी बेल करानी पड़ेगी. अदालत के सामने उपस्थित होना पड़ेगा. ' वकील हरिशंकर पांडेय कहा कहना है कि, अगर ट्रायल सही निकल गया तो राहुल गांधी की सदस्यता भी जा सकती है. यह एक गंभीर मुकदमा है. इस मामले का आधार मेरे पास है. अगर अखबार में छपी खबरें सही हैं, तो पक्का आधार है. हम तो इसको भारत में बनारस में बैठकर सुने हैं. हमने तो उसी को आधार बनाया है.

इस मामले को दो साल बीत गए हैं, राहुल गांधी ने भी अभी तक इस पर खंडन नहीं किया है. अब उन्हें कोर्ट में आकर बताना पड़ेगा. बता दें कि, राहुल गांधी पर इस तरह के आरोप लगते रहे हैं, जिसमें उन्हें कई बार सफाई देनी पड़ी है.

## पैरों ने ठोकी कीलें, उखाड़ लिए नाखून! बेटी के प्रेमी को देख बौखला गया परिवार

### लड़के का किया वो हाल, पानी मांगते मांगते हुई मौत

( यंग भारत न्यूज )

उत्तराखंड के टिहरी जनपद से एक ऐसा खौफनाक मामला सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को हैरान कर दिया है. यहां प्रतापनगर विकासखंड के देवल गांव में रहने वाले एक 18 साल के युवक के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी गई. केतन लाल की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, आरोप के मुताबिक, एक नाबालिग लड़की से दोस्ती के कारण लड़की के घरवालों ने केतन और उसके दोस्त दिवाकर डिमरी को एक साथ बुलाया.



फिर दोनों को कमरे में बंद कर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा. इस मारपीट के बाद केतन की मौत हो गई और दोस्त गंभीर रूप से घायल है. केतन की मौत के बाद पूरे इलाके में गुस्से का माहौल है. दरअसल, ये पूरी घटना मोबाइल पर शुरू हुई थी. मुताबिक देवल गांव के रहने वाले धनपाल लाल के बेटे केतन लाल की खोलगढ़ गांव के एक नाबालिग लड़की के साथ 6 महीने से फोन पर बात हो पही थी. दोनों आपस में फोन पर बात करते थे, जब लड़की के परिवार वालों को इस बात का पता गया, तो घर में तनाव का माहौल हो गया. केतन के पिता धनपाल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में पिता ने बताया कि रविवार को देर रात करीब 11 बजे लड़की ने केतन को फोन किया था और घर पर बुलाया. केतन के पास दाड़ी नहीं थी, इसी कारण उसका दोस्त दिवाकर डिमरी जो हाल ही में मुंबई से आया था. उसे लेकर लड़की के घर पहुंचा. वहां पहुंचते ही लड़की के घरवालों ने उसे पकड़ लिया और एक कमरे के भीतर उन्हें बुरी तरह से मारना पीटना शुरू कर दिया. केतन के पैरों में कीले तक ठोक दी गई और उसे मरने के लिए छोड़ दिया. दोनों घायल पूरी रात खून से लथपथ पड़े रहे. सोमवार की सुबह लड़की के पिता ने केतन के पिता धनपाल को फोन किया. उन्होंने फोन पर कहा कि 'तुम्हारा बेटा यहां है, इसका क्या करना है.' इस पर केतन के पिता ने कहा कि अगर बच्चे से किसी तरह की गलती हुई है, तो उसे पुलिस के हवाले कर दो. इसके बाद जब केतन के परिवार वाले वहां पहुंचे, तो अपने बच्चे की हालत देख दंग रह गए. केतन और दिवाकर काफी गंभीर हालत में थे. घायल केतन को परिजन तुरंत अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन गंभीर चोटों के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. वहीं गंभीर रूप से घायल दिवाकर डिमरी का अस्पताल में इलाज चल रहा है. घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी, जिससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया. पोस्टमार्टम के लिए जब केतन का शव जिला अस्पताल बौराड़ी लाया गया, तो वहां परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा. बड़ी संख्या में लोग अस्पताल परिसर में जमा हो गए और हंगामा करने लगे. परिजनों का कहना है कि केतन के शरीर पर साधारण मारपीट के नहीं, बल्कि बहुत बेरहमी से यातना देने के निशान हैं. मृतक के पिता धनपाल लाल और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि केतन के शरीर पर बर्बरता के गहरे निशान हैं. उसके हाथ और पैरों के नाखून प्लास और कीलों से खींचे गए हैं. परिजनों ने साफ कहा है कि जब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती और सख्त कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिलता, तब तक वे शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे. केतन के पिता धनपाल लाल ने रोते हुए कहा कि उनके बेटे को साजिश के तहत रात में फोन करके बुलाया गया था. उन्होंने आरोप लगाया कि उसके साथ बहुत बुरी तरह मारपीट की गई और नाखून तक खींच लिए गए. उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों को सजा नहीं मिलती, वे शव नहीं उठाएंगे. वहीं घायल दिवाकर के पिता दिनेश डिमरी ने बताया कि उनका बेटा केतन का दोस्त था और हाल ही में मुंबई से घर आया था. केतन के बुलाने पर वह उसके साथ गया था. लेकिन मौके पर पहुंचते ही आरोपियों ने दोनों को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा. परिवार ने मांग की है कि सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हो. लंबगांव थाने में मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है. यह मामला यशवीर सिंह पंवार और उसके परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ दर्ज हुआ है. इसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 3(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(1) लगाई गई है. मामले की गंभीरता देखते हुए टिहरी की एसएसपी श्वेता चौबे ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए हैं. जांच के लिए पुलिस उपाधीक्षक महेश लखेड़ा को जिम्मेदारी दी गई है.

## शादी के दो साल बाद पत्नी के मां बनने पर हैरान रह गया पति, कहा- सुहागरात नहीं मनाई, तो बच्चा कैसे

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के बरेली में एक महिला शादी के 2 साल बाद मां बन गई। लेकिन इस महिला के पति ने बच्चे को नाम देने से मना कर दिया और साथ में ही चरित्र पर कई सवाल भी खड़े किए। पति ने पत्नी के चरित्र को गलत बताते हुए कहा कि बच्चा उसका नहीं हैं।



पति के अनुसार शादी के बाद उन्होंने सुहागरात ही नहीं मनाई। तो बच्चा ऐसे कैसे हो गया। हालांकि पत्नी ने पति के इन सभी आरोपों को गलत करार दिया। ये पूरा मामला इज्जतनगर थाना क्षेत्र के प्रेमनगर का है। पीड़िता युवती ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उसका पति ये सब उसे बदनाम करने के लिए कर रहा है। पीड़िता के अनुसार दहेज कम देने की वजह से शुरु से ही ससुराल वाले उसे बदनाम करने में लगे हुए हैं। वहीं अब ये लोग बच्चे को नहीं अपना रहे हैं। पति के इन आरोपों से तंग आकर पीड़िता ने उसके खिलाफ केस भी दर्ज करवाया है । प्रेमनगर इलाके की रहने वाली पीड़िता का विवाह इज्जतनगर इलाके के एक युवक से हुआ था। आरोप है कि शादी के दो दिन तक उसके पति ने उसके साथ सुहागरात नहीं मनाई। साथ में ही शादी के बाद ससुराल वाले दहेज के लिए परेशान करने लगे। पीड़िता ने सुहागरात न होने की बात अपनी सास को बताई। जिसके बाद सास के दखल के चलते पति ने दो दिन बाद सुहागरात मनाई। पीड़िता की शिकायत के मुताबिक पति को उसके घरवालों ने जमीन-जायदाद से बेदखल कर दिया था। जिसके बाद पति अपनी पत्नी के साथ किराये के मकान में रहने लगा। जहां वो अकसर शराब पीकर आता था और मारपीट करता था। ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। मायके से दहेज लाने के लिए कहता था। जब युवती मां बनी तो पति उसके चरित्र पर सवाल खड़े करने लगा, कहने लगा कि ये बच्चा उसका नहीं है। वहीं एक दिन आरोपी उसे अचानक से किराए के मकान में छोड़कर चले गया और घरवालों के साथ रहने लगा। पीड़िता ने बातचीत के जरिए इस मसले को हल करने की काफी कोशिश की। पति के जाने के बाद पीड़िता ने ससुराल वालों को भी मनाया लेकिन सब अपनी जिद पर आड़ रहे। ये लोग चरित्र पर सवाल उठाने लगे। तब पीड़िता ने इज्जतनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

# शहर में प्रतिबंधित गुटखा का बढ़े पैमाने पर उत्पादन करके कैंसर बांट रहे तीन गुटखा व्यापारियों के ऊपर पुलिस और प्रशासन के नेतृत्व में छापेमारी की गई

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** इन्हीं जहरीले गुटखा के व्यापारियों के कारनामों ने उरई को गुटखा मण्डी बना दिया है और दूर-दूर तक विषैले गुटखा के बिक्री केन्द्र के रूप में कुख्यात उरई की प्रतिष्ठा को इन दोगला व्यापारियों ने तगड़ी क्षति पहुंचाई है बीती रात अंधेरा होते ही छापामार दलों ने कम से कम तीन गुटखा फैक्ट्रियों पर एक साथ छापा मारा जैसे ही इन नशे के व्यापारियों के संरक्षकों को यह जानकारी मिली वे दौड़े-दौड़े अपने कृपापात्र दुधारू व्यापारियों के बचाव में पहुंच गयेहालांकि प्रशासन कोई अधिकृत जानकारी मीडिया को नहीं दे रहा है मगर जो कुछ लीक होकर आया है उसके अनुसार एक विधायक के हस्तक्षेप के चलते छापामार दल ने सैम्पल तो भरे हैं मगर गिरफ्तारी बगैरह की कोई बड़ी सूचना प्राप्त नहीं हुई है।



उल्लेखनीय की उरई की गुटखा मण्डी से पूरे प्रदेश तथा मध्यप्रदेश व राजस्थान तक ग्रामीण अंचलों में भी अवैध गुटखा की बड़े पैमाने पर सप्लाई की जाती है। जिसे चबाकर उरई सहित प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कैंसर के मरीज अपना इलाज करा रहे हैं। तथा बड़ी संख्या में गुटखा पीड़ित परलोक भी सिधार चुके हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अजनारी बाईपास स्थित श्री बालाजी ट्रेडर्स और कुईया रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर छापा मारा।

इन ब्रांड के नमूने लिए गए

1. श्री बालाजी ट्रेडर्स से 'महाशिव गोल्ड' ब्रांड की सुगंधित सुपारी

2. कुईया रोड स्थित प्रतिष्ठान से 'भोला शंकर' ब्रांड स्वादिष्ट सुपारी

विभाग ने दोनों नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की खबर फैलते ही कई कारोबारियों में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि कुछ कारोबारी अपना माल हटाने और ठिकाने बदलने में जुट गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस मिश्रित गुटखे को डॉक्टर कैंसर की वजह बताते हैं और जिस पर सुप्रीम कोर्ट व सरकार रोक लगा चुकी है, वह बाजार में खुलेआम कैसे बिक रहा था। अब लोग प्रशासन की अगली कार्रवाई पर नजर लगाए हैं। फिलहाल पूरे बुंदेलखंड में इस कार्रवाई की चर्चा है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या इस बार गुटखा कारोबार पर लगाम लगेगी या मामला नमूने लेने तक ही सीमित रहेगा।

# मलंगा पुल पर लोहे की रॉड लदी ट्रॉली पलटी,बडा हादसा टला

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के कोंच-उरई रोड स्थित मलंगा पुल पर एक लोहे की रॉड से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली अचानक सड़क किनारे पलट गई। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली कोंच से उरई की ओर जा रही थी। जैसे ही वह मलंगा पुल के पास पहुंचा, सड़क पर बने गड्ढे में पहिया जाने से ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे पलट गई। ट्रॉली में भारी मात्रा में लोहे की रॉड लदी हुई थीं जो बिखर गईं। घटना के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सूचना मिलने पर संबंधित विभाग और स्थानीय पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गई।ट्रैक्टर चालक ने बताया कि सड़क पर गहरे गड्ढे होने के कारण ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। चालक ने कहा कि यदि सड़क की स्थिति बेहतर होती तो यह हादसा नहीं होता। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई अन्य वाहन या राहगीर ट्रॉली की चपेट में नहीं आया, अन्यथा गंभीर दुर्घटना हो सकती थी। स्थानीय लोगों ने सड़क की जर्जर हालत पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। घटना के बाद ट्रॉली को हटाने और सड़क पर बिखरी लोहे की रॉड को समेटने का कार्य शुरू कराया गया, जिससे यातायात को सामान्य किया जा सके।

# हल्की सी तेज हवा क्या चली, लड़खड़ा गई जालौन की विधुत व्यवस्था

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । मंगलवार की रात हल्की सी तेज हवा चलने पर नगर की बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई। तेज हवा के चलते रात में पूरे नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को करीब पांच घंटे तक भीषण गर्मी में बिना बिजली के रात गुजारनी पड़ी। रात साढ़े दस बजे गुल हुई बिजली सुबह करीब साढ़े तीन बजे बहाल हो सकी। इस दौरान लोगों को उमस और गर्मी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मंगलवार की रात करीब 10 बजे अचानक तेज हवा चलनी शुरू हुई। हवा चलने के कुछ ही देर बाद पूरे नगर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होते ही घरों में लगे पंखे और कूलर बंद हो गए, जिससे गर्मी से राहत मिलना मुश्किल हो गया। रात के समय बिजली न रहने से छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। कुछ देर तक तो अपने घरों की छतों और बाहर गलियों में टहलकर बिजली का इंतजार करते नजर आए। लेकिन देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। उमस भरी गर्मी के कारण लोगों की नींद भी प्रभावित हुई और पूरी रात बेचौनी में गुजरी। कई स्थानों पर लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। नगर के प्रतीक, अशफाक आदि का का कहना है कि जरा सी तेज हवा या हल्की बारिश होते ही बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। बिजली विभाग ऐसी स्थिति के लिए पहले से ही व्यवस्था क्यों नहीं करता है। सुबह लगभग साढ़े तीन बजे बिजली बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली, लेकिन रातभर हुई परेशानी को लेकर उनमें नाराजगी भी देखने को मिली। इस बाबत जेई नवीन कंजौलिया ने बताया कि गर्मी अधिक होने की वजह से केबिल में आग लग गई थी। मरम्मत के कार्य के चलते आपूर्ति प्रभावित हुई है।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करने हेतु अभियान चलाया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत नवीन गल्ला मंडी परिसर में मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए अभियान चलाया।

अभियान के दौरान महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने बताया कि कोई भी अंजान काल से सावधान रहें। अंजान व्यक्तियों के साथ अपना पर्सनल मोबाइल नबर शेयर न करें। कोई अनजान व्यक्ति यदि कोई लिंक भेजता है तो उसे न खोलें। ऐसा करने आपका मोबाइल हैंक हो सकता है। किसी को भी अपनी पर्सनल तस्वीरें न भेजें। जागरूक रहकर आप साइबर फ्रॉड से बच सकती हैं। महिला सिपाही प्रकांक्षा ने वूमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में जानकारी दी गई। अंत में शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पंपलेट वितरित किए गए। इस मौके पर विमला, सुनीता, पल्लवी, आनंदी, उमा देवी आदि मौजूद रहे।

# समय से पहले काम निपटाने बाले प्रगणक और सुपरवाइजर हुए सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** शासन के निर्देश पर जारी जनगणना -2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम निर्धारित समय से पहले ही पूरा कर लेने वाले प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।तहसीलदार कार्यालय में प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल ने प्रगणकों और सुपरवाइजरों भावना पटेल, संदीपा राजा, महेश चंद्र निरंजन, रामराजा जादौन, त्रिभुवन नारायण, हरिमोहन रजक, राधा दुवे, पूजा कुशवाहा, अनुराधा वर्मा और अखिलेश खरे को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रभारी तहसीलदार ने बताया कि शासन के निर्देश पर मकान गणना कार्य के तहत भवनों का प्रकार, उपयोग और उपलब्ध सुविधाओं का पूरा ब्यौरा एकत्र करके रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का समय 20 जून तक निर्धारित है। इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए तहसील क्षेत्र में 385 प्रगणक और 65 सुपरवाइजर की ड्यूटी लगाई गई थी। इनमें से उपरोक्त 10 प्रगणक और सुपरवाइजर ने अपनी लगन, मेहनत और कार्य के प्रति जिम्मेदारी व निष्ठा का परिचय देते हुए निर्धारित समय से पूर्व ही काम पूरा किया है, जो प्रशंसनीय और सराहनीय है।

## यंग भारत की खबर का असर

# एसीएमओ ने किया सीएचसी सहित नगर के प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण

## बगौर प्रपत्रो के चल रही पैथोलॉजी को थमाया नोटिस

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** अचानक आए एसीएमओ डॉ अरविंद भूषण ने नगर के निजी अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, व्यवस्थाओं और अभिलेखों की जांच की तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एसीएमओ ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं,साफ-सफाई, दवा वितरण व्यवस्था और अभिलेखों का गहनता से परीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्णत: पालन करने तथा मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसी क्रम में नगर स्थित मां सिंहवाहिनी मल्टी स्पेशलिटी पैथोलॉजी का भी निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान पैथोलॉजी संचालन से संबंधित आवश्यक अभिलेख एवं प्रपत्र मौके पर प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर एसीएमओ ने नाराजगी जताते हुए पैथोलॉजी संचालक को तीन दिन के भीतर संबंधित चिकित्सीय प्रपत्र, डिग्री, डिप्लोमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय उरई में उपस्थित होने के निर्देश दिए।उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन शासन के निर्धारित नियमों और मानकों के अनुरूप होना चाहिए। यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाते हैं तो नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसीएमओ के इस औचक निरीक्षण से निजी स्वास्थ्य संस्थानों में हलचल मची रही। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई को स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# सफाई के बाद मलबा न हटाने के कारण बारिश में मलबा फिर नाले में जाने की आशंका, मलबा पूरी तरह से साफ करने की मांग

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** गांव में सफाई के नाम पर खानापूर्ति, किए जाने और नाले की सफाई के बाद उसका मलबा न हटाने के कारण बारिश में मलबा फिर नाले में जाने की आशंका है। ग्रामीण ने जिला पंचायत राज अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने जिला पंचायत राज अधिकारी पत्र भेजकर लिखा कि दिनेश चौहान के घर के पास जेसीबी मशीन से नाला सफाई का कार्य शुरू तो हुआ, लेकिन कर्मचारियों ने महज कुछ दूरी तक सफाई कर काम बीच में ही बंद कर दिया। नाले से निकाला गया सिल्ट और मलबा किनारे पर ही खुला छोड़ दिया गया है। किनारे पर ही मलबा पड़ा होने से बरसात में यह मलबा वापस नाले में गिर जाएगा, जिससे नाला फिर से चोक हो सकता है। ऐसे में श्रम और सरकारी धन की बर्बादी होगी। वहीं गांव में सफाई व्यवस्था ठीक न होने और कीचड़ जमा होने से गांव में संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा है। उन्होंने मानसून से पहले नाले की पूर्ण सफाई कराने और सफाई के बाद किनारे पर छोड़े गए मलबे को तत्काल हटवाने की मांग की है।

# प्रबंधक भक्त ने पचपिंडा देवी मंदिर जीर्णोद्धार रंगाई पुताई कर किया सुशोभित

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 10 जून** पचपिंडा देवी मां देवी ने भक्त प्रबंधक को अपने को सुशोभित करने के लिए स्वपन देकर मंदिर को पुन: सुसज्जित करने के निर्देश दिए थे। विदित हो कि पांडव ने नगर के मोहल्ला कागजीपुरा स्थित पचपन मठियों सहित मंदिर की स्थापना की थी उक्त मंदिर कई सालों बाद पूरी तरह से मंदिर में स्थापित मठिया पूरी तरह जीर्ण-शीर्ण हो गई थी रावगंज निवासी पवन सुहाने उर्फ बाबी सुहाने पुत्र स्वर्गीय मुन्ना लाल सुहाने ने एक भेंट में अवगत कराया कि मंदिर स्थापित देवी मां से बड़ी आस्था थी वह मंदिर में आकर पूजा अर्चना करते थे एवं मंदिर की देखभाल करते थे वही देवी मां ने अपना सच्चा शिष्य मानकर रात में स्वपन दिया कहां की मैं इसी तरह मंदिर में विराज मान रहूंगी मंदिर को सुशोभित करने के निर्देश दिए थे उन्होंने स्वयं तथा अपने मित्र बंधुओ से सहायता के रूप में धनराशि लेकर लगभग 25 लाख रुपए लगाकर मां देवी दरबार को सुशोभित किया था सुशोभित होने पर अपने शिष्य को ऊंचाइयों में जाने के लिए पूरा आशीर्वाद दिया तभी से उन्होंने मंदिर की शिष्य एवं प्रबंधक के रूप में कमान संभालते हुए देखभाल करने लगे वही 17 वर्ष मंदिर को सुशोभित करने के लिए हो गए थे पूरी तरह से मंदिर की देखभाल करना उनकी पहली प्रमुखता है मंदिर प्रबंधक ने पुजारी की पुत्री की शादी में लाखों रुपए खर्च कर बड़े धूमधाम से सकुशल तरीके से रीत रिवाज के तहत शादी संपन्न करायी प्रबंधक सुहाने ने पुन: महादेवी ने अपने सच्चे भक्त मंदिर की पुताई रंगाई के लिए स्वपन दिया था स्वपन उपरांत उन्होंने मंदिर को तत्काल कारीगर तथा लेबर लगाकर टीप टॉप कराया तथा पूरे मंदिर की रंगाई पुताई कराकर मंदिर को सर्वाधिक सुशोभित किया मंदिर में आने वाले भक्त पूजा अर्चना के बाद मां देवी से आशीर्वाद लेकर जब घर वापस होते हैं।

# तीसरे दिन कथा व्यास ने ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र का किया रोचक वर्णन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** ग्राम भदवां में आयोजित साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास पंडित अशोक शास्त्री ने ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया। पंडित अशोक शास्त्री ने तीसरे दिन की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि मन में विश्वास और भगवान के प्रति श्रद्धा होने पर परमात्मा उसकी हर संभव रक्षा करते हैं, जैसे ध्रुव ने आठ वर्ष की आयु में ही भगवान की प्राप्ति कर ली। लक्ष्य की प्राप्ति के लिये सिर्फ दृढ निश्चय होकर उस ओर लगन से काम करते रहने की जरुरत, जैसे ध्रुव ने किया। प्रहलाद चरित्र वर्णन करते हुए कहा कि प्रहलाद के पिता हिरणाकश्यप द्वारा प्रहलाद को नाना प्रकार के कष्ट दिए गए लेकिन भगवान की प्रति सच्ची श्रद्धा और विश्वास के चलते उन्होंने अपना लक्ष्य नही छोडा और भगवान नारायण का जाप किया और ईश्वर ने उनकी हर मोड पर सहायता की। पिता ने प्रहलाद को जहर दिया, हाथी से कुचलवाया, नदी में फिकवाया यहां तक कि आग में जलवाया भी लेकिन हर जगह भगवान ने उनकी रक्षा की। अंत में अपने भक्तों की रक्षा के लिए उन्होंने नरसिंह रूप धारण किया और हिरणाकश्यप का वध किया। इस मौके पर पारीक्षित रमादेवी, सत्यप्रकाश निरंजन, विजयशंकर, अंबिका प्रसाद, रामनरेश, बृजकिशोर, अवध किशोर, रामप्रताप, राजकुमार, किशोर सिंह, गुलाब सिंह पटेल, चंद्रमोहन, अनिल, विश्वजीत आदि रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल स्वास्थ्य पोषण माह का हुआ शुभारंभ



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बाल स्वास्थ्य पोषण माह का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय राजावत एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता ने बताया कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह का उद्देश्य नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती एवं धात्री माताओं को आवश्यक स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत बच्चों का वजन एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा, कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष निगरानी में रखा जाएगा। इसके अलावा टीकाकरण, विटामिन-ए की खुराक, आयरन एवं फोलिक एसिड के वितरण के साथ ही पोषण और स्वच्छता संबंधी जागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। डॉ. सहन बिहारी गुप्ता ने बताया कि बच्चों के जीवन के शुरुआती वर्ष उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। यदि इस दौरान उन्हें पर्याप्त पोषण और स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिलती हैं तो इसका प्रभाव उनके संपूर्ण विकास पर पड़ता है। चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि बाल स्वास्थ्य पोषण माह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि बच्चों और माताओं के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, समय पर टीकाकरण करवाने और संतुलित आहार पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। गर्भवती एवं धात्री माताओं को भी पोषण संबंधी सलाह का पालन करना चाहिए, जिससे स्वस्थ पीढ़ी का निर्माण हो सके। अंत मे मरीजों को फल वितरित किए गाए। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष अभिनय सिंह राजावत, यश पटेल, गौरव मिश्रा, आशा प्रजापति आदि रहे।

# नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा सकुशल संपन्न

**- एडीजी कानपुर जोन सुश्री अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि, डीएम राजेश पांडेय एवं एसपी विनय कुमार ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, अंतिम दिन भी व्यवस्थाएं रहीं चाक-चौबंद**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 का अंतिम दिन जनपद में पूर्णतः नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिसके परिणामस्वरूप परीक्षा पूरी तरह व्यवस्थित एवं निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न हुई।

अंतिम दिन अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र आकाश कुलहरि, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए केंद्र व्यवस्थापकों एवं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के निर्देश दिए। जनपद में अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 6,528 अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,632 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 632 अनुपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पाली में 3,264 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 2,641 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 623 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार अंतिम दिन दोनों पालियों में कुल 5,273 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1,255 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध रहा और सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से भर्ती परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# सपा नेताओं पर मुकदमे के विरोध में सांसद नारायणदास अहिरवार ने की प्रेस वार्ता, दी आंदोलन की चेतावनी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सहित 50 नामजद और 200 अज्ञात कार्यकर्ताओं पर मुकदमा दर्ज किए जाने के विरोध में सांसद नारायणदास अहिरवार ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने प्रशासन की इस कार्रवाई को दुर्भावनापूर्ण और एकतरफा बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई।

## सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए दोहरे मापदंड का आरोप

सांसद नारायणदास अहिरवार ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि देश में महंगाई, डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दाम और युवाओं के भविष्य से जुड़ी नीट (नीट परीक्षा) जैसी परीक्षाओं के पेपर लीक होने से आम जनता और किसान बेहद परेशान हैं। इन जनहित के मुद्दों को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया था।

## उन्होंने प्रशासन पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहाः

अभी हाल ही में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन के दौरान भारी भीड़ जुटी और धक्का-मुक्की हुई, लेकिन उनके कार्यकर्ताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। दो दिन पहले उरई आए मंत्री मनोज पांडे के काफिले में भी भारी भीड़भाड़ रही, मगर पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। इसके विपरीत, सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने प्रशासन से बकायदा लिखित अनुमति (परमिशन) लेकर सपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक शांतिपूर्ण मार्च निकाला था। इस दौरान न तो कोई धक्का-मुक्की हुई और न ही किसी को नुकसान पहुँचाया गया। इसके बावजूद सपाइयों पर फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

## पेपर लीक पर सरकार को घेरा, दी जन आंदोलन की चेतावनी

सांसद ने परीक्षाओं के लगातार लीक हो रहे पेपरों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अगर सरकार और प्रशासन ने इन व्यवस्थाओं पर लगाम नहीं कसी, तो समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी। जनता के हक के लिए सड़कों पर उतरकर बड़ा जन आंदोलन किया जाएगा। इस प्रेस वार्ता के दौरान मुख्य रूप से सांसद नारायणदास अहिरवार के साथ लल्ला यादव, सुरेंद्र बजरिया सहित कई वरिष्ठ सपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य ने किया औचक निरीक्षण, अस्पताल को दिए व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** राजकीय मेडिकल कॉलेज से संबद्ध चिकित्सालय का बुधवार को प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आकस्मिक विभाग, वार्डों और विभिन्न काउंटरों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य ने आकस्मिक विभाग में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से उपचार एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया। सर्जरी वार्ड में नर्सिंग अधिकारियों को साफ-सफाई बनाए रखने और ड्यूटी बोर्ड पर प्रतिदिन विवरण अंकित करने के निर्देश दिए गए। ओपीडी पंजीकरण काउंटर पर कुछ कर्मचारी निर्धारित वेशभूषा में नहीं मिले, जिस पर उन्हें चेतावनी देते हुए भविष्य में ड्रेस कोड का पालन करने के निर्देश दिए गए। वहीं आयुष्मान भारत काउंटर पर एक कर्मचारी अनुपस्थित मिला। इस पर प्रधानाचार्य ने नोडल अधिकारी को संबंधित कर्मचारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था और बेहतर बनाने के लिए आउटसोर्सिंग एजेंसी के सुपरवाइजर को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# हज यात्रियों के लिए पासपोर्ट 31 दिसंबर 2027तक मान्य होना चाहिए

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** प्र0 जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि उ0प्र0 राज्य हज समिति, मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनी नगर, लखनऊ के द्वारा अपने पत्र दिनांक-03.06.2026 के माध्यम से हज-2027 के आवेदन हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के सर्कुलर-1 दिनांक 02 जून, 2026 द्वारा अवगत कराया गया है कि हज व उमराह मंत्रालय, सऊदी अरब सरकार द्वारा हज-2027 के समबन्ध में प्रारम्भिक व्यवस्थाओं हेतु प्रपत्र दिनांक 29 मई, 2026 जारी किया गया है, जिसके अन्तर्गत हज-2027 (1448 हि0) के इच्छुक हज आवेदकों को अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देश व समय-सीमा निर्धारित की गयी है:-

हज-2027 की अधिकारिक घोषणा शीघ्र की जायेगी,हज-2027 हेतु पासपोर्ट मशीन पठित होना आवश्यक है। हस्तलिखित पासपोर्ट मान्य नहीं होगा,हज-2027 के आवेदन हेतु पासपोर्ट की वैधता 31 दिसम्बर, 2027 तक होना आवश्यक है,नये जारी पासपोर्ट में इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि पासपोर्ट में सरनेम/लास्ट नेम का कॉलम खाली न छोड़े।उक्त निर्देशों के क्रम इच्छुक आवेदक हज-2027 हेतु अपना मूल अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट तैयार रखें, जिनके पास 31 दिसम्बर, 2027 की वैधता का पासपोर्ट उपलब्ध है, वह आवेदन हेतु तैयार रहे, जिनके पास पासपोर्ट 31 दिसम्बर, 2027 तक वैध नहीं है, वह नया पासपोर्ट बनवा ले। इसके लिये इच्छुक हज आवेदक तत्काल पासपोर्ट कार्यालय में आवेदन कर दें, ताकि शीघ्र हज-2027 की घोषणा होने पर ऑनलाइन आवेदन हेतु इच्छुक हज यात्रियों के पास पासपोर्ट उपलब्ध रहे।

# जिले के 09 विकासखंडो,05 तहसील,574 ग्राम पंचायत की निर्वाचन नामावलियां प्रकाशित कर दी गई है,,,राजीवराज

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजीव राज ने बताया कि जनपद जालौन के समस्त 09 विकासखण्ड एवं समस्त 05 तहसीलों में समाहित समस्त 574 ग्राम पंचायतों के समस्त प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आलेख्य में संशोधन कर उत्तर प्रदेश पंचायत राज (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण) नियमावली, 1994 के अनुसार निर्वाचक नामावली तैयार कर ली गयी है और उक्त नामावली प्रकाशित कर दी गई है और की एक प्रति मेरे कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। कोई भी व्यक्ति उक्त निर्वाचक नामावली का कार्यालय समय में निरीक्षण कर सकता है।

# डीएम एवं एसपी ने उरई रेलवे स्टेशन और प्रमुख बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा-2025 संपन्न होने के बाद अभ्यर्थियों की सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने उरई रेलवे स्टेशन और प्रमुख बस स्टैंड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे और परिवहन विभाग के अधिकारियों से अभ्यर्थियों की संख्या, ट्रेनों एवं बसों की उपलब्धता तथा यातायात प्रबंधन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के एक साथ पहुंचने की स्थिति में किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए और सभी यात्रियों को समय पर उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों और उनके परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन की इस सक्रियता से परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने में मदद मिली।

# सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जालौन विकास कार्यों में अव्वल, प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान

## विकास कार्यों के उत्कृष्ट क्रियान्वयन से जनपद ने कायम रखी शीर्ष स्थिति

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में जनपद ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की मासिक रैंकिंग में प्रदेश में विकास कार्यों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विकास कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जालौन ने प्रदेश के सभी जनपदों में शीर्ष स्थान हासिल किया। जनपद लगातार कई महीनों से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की रैंकिंग में टॉप टेन स्थान पर बना हुआ है। यह उपलब्धि विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा राजस्व संबंधी कार्यों में निरंतर प्रगति का परिणाम है। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए जिला प्रशासन ने विकास योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव रैंकिंग में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण मूल्यांकन तंत्र है, जिसके माध्यम से विभिन्न विभागों की प्रगति, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व वसूली, शिकायत निस्तारण तथा विकास कार्यों की नियमित समीक्षा की जाती है। ऐसे प्रतिस्पर्धी माहौल में जालौन का प्रथम स्थान प्राप्त करना प्रशासनिक दक्षता, जवाबदेही और टीम भावना का प्रतीक माना जा रहा है।जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इस उपलब्धि पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम के समर्पण, अनुशासन और सकारात्मक कार्य संस्कृति का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनपद की इस उपलब्धि में माननीय जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन, नागरिकों के सहयोग तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसी प्रतिबद्धता और ऊर्जा के साथ कार्य करते हुए जनपद को आगे भी प्रदेश की शीर्ष श्रेणी में बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना ही जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में प्राप्त यह प्रथम स्थान जनपद के विकास की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों की पुष्टि करता है तथा भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय मंडलायुक्त के सतत मार्गदर्शन, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम भावना, जनप्रतिनिधियों के सहयोग तथा जनसामान्य के विश्वास को देते हुए कहा कि जालौन विकास की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए निरंतर अग्रसर रहेगा।

# पुत्र की हत्या में न्याय की मांग को लेकर पीड़ित पिता पहुंचा कलेक्ट्रेट

**-बसपा नेता भी पीड़ित के साथ रहे**

**-कदौरा थाने में नही हुई एफआईआर, लोग है आक्रोशित**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कदौरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला बड़ागांव, हाल निवासी सिद्धार्थ नगर के रहने वाले मुकुंद लाल पुत्र स्वर्गीय प्रयाग नारायण ने बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के नेताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने अपने पुत्र की हत्या के मामले में शामिल आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की। पीड़ित मुकुंद लाल ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या में कुछ लोगों की संलिप्तता है, लेकिन अभी तक दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने तथा उन्हें न्याय दिलाने की मांग उठाई। इस दौरान बसपा नेताओं ने भी पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी। ज्ञापन प्राप्त होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।इस मौके पर बसपा नेताओं में बसपा जिलाध्यक्ष डा.बृजेश जाटव, मानवेन्द्र पटेल, जितेंद्र दयालु झांसी मंडल प्रभारी, उदयवीर दोहरे, आदित्य भंते, जिला पंचायत सदस्य मनोज याज्ञिक, राजेश जाटव, गौरभ चौधरी, पूर्व प्रधान रामऔतार यादव, बब्लू चौधरी, रामसनेही बाबू जी, उरई विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी गुलाब सिंह बाबू जी सहित आदि बसपा नेता मौजूद रहे।

# उरई न.ग.पालिका का ईओ है तानाशाह, परेशान होकर 9 सभासदों ने दी इस्तीफे की धमकी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** नगर पालिका परिषद उरई में प्रशासनिक खींचतान और गतिरोध चरम पर पहुंच गया है। अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नगर पालिका के करीब एक दर्जन सभासदों ने सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी दी है। सभासदों ने इस संबंध में अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर अधिशासी अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

ईओ पर भ्रष्टाचार और तानाशाही का आरोप

जिलाधिकारी को भेजे गए पत्र में सभासद विपिन गुप्ता, मुबीना, पुष्पा देवी, ज्योति, जितेंद्र कुमार, वीरेंद्र कुमार वर्मा, विमला देवी, जयशंकर और दीपक पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील लगातार भ्रष्टाचार, तानाशाही और असहयोगात्मक रवैया अपनाए हुए हैं। वे न तो जनप्रतिनिधियों की गरिमा का सम्मान कर रहे हैं और न ही क्षेत्र के विकास कार्यों में कोई रुचि ले रहे हैं। विकास कार्य ठप, जनहित प्रभावित सभासदों का कहना है कि वार्डों की समस्याओं और विकास से जुड़े सुझावों की लगातार अनदेखी की जा रही है। परिषद की बैठकों और प्रशासनिक कामकाज में भी सभासदों को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है। पूर्व में की गई सामूहिक शिकायतों पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे जनता के हितों और क्षेत्र के विकास पर बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। जांच न होने पर सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी अधिकारियों की कार्यप्रणाली और भ्रष्ट नीतियों से क्षुब्ध होकर सभासदों ने स्पष्ट कहा है कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों और अपने सम्मान की रक्षा के लिए सामूहिक रूप से पद से इस्तीफा देने को बाध्य हो रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी अधिकारी के खिलाफ तत्काल उचित दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है।

# हिस्ट्रीशीटर पर कालपी पुलिस मेहरबान पत्रकार को धमकी देने का सनसनीखेज मामला एडीजी तक पहुंचा

## 3 आपराधिक मामलों में सजा याफ्ता तथा जिला बदर हो चुका हिंसक आरोपी हिस्ट्रीशीटर भी है मगर घूम रहा है कालपी में छुट्टा

### -पत्रकार ने लगाया जानलेवा खतरे का आरोप -24 घण्टे बीत जाने के बाबजूद गिरफ्तारी न होने एफआईआर न लिखे जाने से कालपी पुलिस की स्थिति हो गई है संदिग्ध



( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार स्पष्ट कर चुके हैं कि किसी भी अपराधी को कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती बनने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके बावजूद कालपी नगर में एक हिस्ट्रीशीटर को लेकर स्थानीय स्तर पर कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार कालपी निवासी हिस्ट्रीशीटर प्रदीप कुमार गुप्ता उर्फ लल्ला के विरुद्ध विभिन्न आपराधिक मामलों में लगभग 15 मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि आरोपी को पूर्व में जिला बदर भी किया जा चुका है तथा कुछ मामलों में न्यायालय से सजा भी मिल चुकी है। इसके बावजूद उसके खुलेआम घूमने और प्रभाव बनाए रखने को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हाल ही में एक मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार ने आरोप लगाया है कि उक्त हिस्ट्रीशीटर द्वारा उन्हें लगातार धमकाया जा रहा है। पत्रकार का कहना है कि घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बाद भी अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से पत्रकारों और आम नागरिकों के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब प्रदेश सरकार अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है, तब ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई होना आवश्यक है। लोगों का मानना है कि यदि गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई न की जाए तो इससे कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जनपद के पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह की छवि एक निष्पक्ष एवं कानून का पालन कराने वाले अधिकारी के रूप में मानी जाती है। ऐसे में कालपी क्षेत्र में उठ रहे ये सवाल पुलिस प्रशासन के लिए भी चुनौती बने हुए हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, जिससे कानून के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हो सके। फिलहाल पूरे मामले को लेकर लोगों की निगाहें कालपी पुलिस की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। वहीं पुलिस विभाग की ओर से इस संबंध में आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। यदि मामले में जांच के बाद आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग भी जोर पकड़ सकती है।

# निनावली जागीर में अपना दल (एस) की मासिक बैठक संपन्न, संगठन विस्तार और जनहित के मुद्दों पर हुआ मंथन

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़।** तहसील माधौगढ़ के रामपुरा ब्लॉक स्थित ग्राम निनावली जागीर में अपना दल (एस) की मासिक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को गति देने तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव कालका प्रसाद उपस्थित रहे। उनके साथ जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी, प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह विक्की, जॉन अध्यक्ष रामपुरा, जॉन अध्यक्ष माधौगढ़ सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पार्टी के संस्थापक नेताओं के विचारों को याद करते हुए की गई। मुख्य अतिथि कालका प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि अपना दल (एस) समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं को जनता के बीच लगातार सक्रिय रहना चाहिए। प्रदेश महासचिव ओंकार सिंह विक्की ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज सेवा भी है। उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने और किसानों, मजदूरों तथा गरीब वर्ग की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर बल दिया। जिला अध्यक्ष अनिल कुदारी ने सदस्यता





अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता नए लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करे। बैठक में क्षेत्रीय विकास, सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों की समस्याएं, युवाओं के रोजगार तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याओं और सुझावों को पार्टी नेतृत्व के समक्ष रखा। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनता की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा जनसेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# निफाज अवैध सरकारी ज़मीनों पर कब्जा खतौनी त्रुटि आखिर जिम्मेदार कौन

( यंग भारत न्यूज )




**माधौगढ़ ( जालौन )** अक्सर देखा जा रहा है कि कृषि विक्रय करने दाखिल खारिज होने के बाबजूद विक्रेता का नाम खतौनी की में जगह पर दर्ज रहता है तो वहीं आदेश में क्रेता का नाम रहता है विक्रेता अपनी भूमि की कीमत लेकर चला जाता है तो क्रेता तहसील के चक्कर लगाता है कि उसका नाम खतौनी में निफाज क्यों नहीं हुआ है तो बता दिया जाता है कि आप पहले सोते रहे अब आपको धारा 38/1 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करवाना पड़ेगा किसान ने मुकदमा दर्ज कराया तो पहले जांच रिपोर्ट लेखपाल फिर राजस्व निरीक्षक तहसीलदार तब उपजिलाधिकारी रिपोर्ट होगी फिर भी खतौनी में दर्ज सभी काश्तकारों को नोटिस जारी होंगे यदि किसी ने झूठ कहकर ही मामला दिया तो फाईल में तारीख पर तारीख चलने लगी पता चला कि क्रेता ने जितने रूपए की जमीन खरीदी उससे अधिक का मुकदमा लड़ लिया पता लगा मामला फिर भी हिलगा है यही हाल लिपिकीय भूल का भी दंश किसान को झेलना पड़ रहा है वहीं सरकारी जमीनों पर कब्जे की अक्सर शिकायतें आती है आखिर सरकारी जमीन पर कब्जे कैसे हो जाते हैं क़ृषि के मापने से लेकर सरकारी जमीन की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी क्षेत्रीय लेखपाल पर होती है फिर भी सरकारी जमीन दूसरों के कैसे दूसरों के कब्जों में चली जाती है यदि लोग सरकारी जमीन पर कब्जा जबरन कर लेते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कराई जाती है जबकि हर राजस्व ग्राम में लेखपाल की तैनाती की गई है जब सरकारी जमीन और लोगों की जमीन सरकारी नियमानुसार नापी जाती है तो सरकारी भूमि पर कब्जा कैसे हो जाता है आखिर किसकी सह पर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा हो रहा है इसके लिए किसकी जबावदेही है

# रेल यात्री महिला ने उरई स्टेशन पर एम्बुलेंस दिया शिशु को जन्म

## पुणे से रायबरेली जा रही महिला को उरई में हुई प्रसव पीड़ा तो रेल कर्मियो की मदद से सकुशल और सुरक्षित कराई गई डिलेवरी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई, जालौन।** पुणे से रायबरेली जा रही ट्रेन में यात्रा के दौरान गर्भवती महिला को अचानक प्रसव पीड़ा होने पर रेलवे कर्मियों की तत्परता से सुरक्षित प्रसव कराया गया। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।

जानकारी के अनुसार अंतिमा नामक महिला गाड़ी संख्या 02103 से पुणे से मोहनगंज जा रही थीं। उनके साथ उनकी ननद रीता भी मौजूद थीं। बुधवार को ट्रेन के उरई रेलवे स्टेशन पहुंचते ही अंतिमा को तेज प्रसव पीड़ा शुरू हो गई, जिससे परिजनों में घबराहट फैल गई। सूचना मिलते ही स्टेशन अधीक्षक राजीव कौशिक ने तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं कराईं। आरपीएफ की महिला आरक्षी, महिला टीटीई और महिला सफाई कर्मियों को बुलाकर महिला को स्टेशन के वीआईपी कक्ष में स्ट्रेचर पर लिटाया गया तथा प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इसी दौरान जिला अस्पताल की एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में प्रसव पीड़ा बढ़ने पर उसने सुरक्षित रूप से एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। महिला की ननद रीता ने रेलवे प्रशासन और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में सभी ने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए तत्काल मदद की। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों की त्वरित कार्रवाई की यात्रियों ने भी सराहना की। यह घटना रेलवे की संवेदनशील और जिम्मेदार कार्यशैली का उदाहरण बन गई।

# साइबर अपराधोंकीरोकथाम, शीघ्र अनावरण,अन्य पर निर्देश,, सुश्री अनुपम कुलश्रेष्ठ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी, आकाश कुलहरि द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के साथ पुलिस लाइन उरई में स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर साइबर अपराध, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला एवं बाल सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, प्रभावी अभियोजन, अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों तथा अन्य महत्वपूर्ण पुलिसिंग संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनावरण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, संवेदनशील प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियों के कल्याण, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कार्यक्षमता को प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर ने आईजी और अन्य अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पुलिस लाइन व आटा थाने का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए



( यंग भारत न्यूज )

**उरई,आटा।** जोन, कानपुर,श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी, आकाश कुलहरि द्वारा पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के साथ पुलिस लाइन उरई में स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी कर साइबर अपराध, अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला एवं बाल सुरक्षा, लंबित विवेचनाओं, प्रभावी अभियोजन, अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाहियों तथा अन्य महत्वपूर्ण पुलिसिंग संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा गोष्ठी के दौरान साइबर अपराधों की रोकथाम एवं त्वरित अनावरण, जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, संवेदनशील प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं निरंतर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पुलिस कर्मियों के कल्याण, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं कार्यक्षमता को प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित अधिकारियों को जनसामान्य की समस्याओं को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।इसके बाद

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा जनपद जालौन भ्रमण के दौरान पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी, आकाश कुलहरि के साथ थाना आटा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेखों के रख-रखाव एवं परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का अवलोकन किया गया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने एवं जनशिकायतों के त्वरित संवेदनशील निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन व क्षेत्राधिकारी कालपी भी उपस्थित रहे।

# बीच सड़क डंपर के हुए दो टुकड़े

## मौरम खाली करते समय हुआ हादसा

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** कोंच उरई मार्ग पर बीती देर रात मौरम खाली करते समय एक डंपर अचानक दो हिस्सों में टूटकर पलट गया। गनीमत रही कि हादसे के वक्त सड़क से कोई राहगीर नहीं गुजर रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे के बाद सड़क किनारे मौरम फैल गई और यातायात भी प्रभावित रहा। सुबह क्रेन और जेसीबी मशीन की मदद से डंपर को हटवाया गया, जिसके बाद आवागमन सुचारू हो सका।

कोंच में धड़ल्ले से दिन रात मौरम से भरे डंपरों की रेलमपेल मची है। सोमवार देर रात मौरम से भरा एक डंपर मुंसिफ न्यायालय के गेट के सामने कोंच-उरई रोड किनारे मौरम उतार रहा था। इसी दौरान अचानक डंपर का पिछला हिस्सा अलग होकर सड़क पर पलट गया। ट्राला के पलटते ही उसमें भरी मौरम सड़क किनारे फैल गई। रात का समय होने के कारण मौके पर भीड़ नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि डंपर के सड़क किनारे पलटने से कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। सुबह सूचना मिलने पर क्रेन और जेसीबी मशीन बुलाकर डंपर को हटाया गया। इसके बाद रोड पर वाहनों का आवागमन सामान्य हो सका।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जनपद के माधौगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोपता में मंगलवार देर शाम एक 36 वर्षीय विवाहित महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब महिला का आठ वर्षीय पुत्र खेलते हुए कमरे में पहुंचा और अपनी मां को फंदे से लटका देखा। बच्चे के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। मृतका की पहचान मनीषा पत्नी वीर सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार मनीषा अपने पति के साथ मध्य प्रदेश में रहकर पानीपुरी का व्यवसाय करती थी। करीब एक माह पूर्व वह अपने आठ वर्षीय पुत्र अंचल और डेढ़ वर्षीय पुत्री चाहत के साथ रिश्तेदारी में आयोजित एक शादी में शामिल होने गांव आई थी और तब से यहीं रह रही थी। सूचना मिलते ही माधौगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में शोक का माहौल है तथा दोनों मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति के भतीजे की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )

**कदौरा, जालौन।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम निश्वापुर निवासी 35 वर्षीय प्रदीप कुमार पुत्र रामकेश की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। प्रदीप बसपा सरकार के पूर्व मंत्री जगदीश प्रजापति के भतीजे थे। बुधवार को वह किसी निजी कार्य से बबीना गए थे और काम निपटाकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कृषि उपज मंडी के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि प्रदीप बाइक से उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पास स्थित सोनी पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक का विवाह चार वर्ष पूर्व कैलाशी देवी से हुआ था। उनका तीन वर्षीय पुत्र बऊवा है, जबकि उनकी पत्नी गर्भवती भी हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। थाना प्रभारी परमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में शामिल ट्रक को बड़ागांव तिराहे से कब्जे में ले लिया गया है। चालक मौके से फरार हो गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# 'मामा, घर जाओ और पापा को बचा लो', नींद में सो रहे पिता पर गंडासे से हमला कर सकपका गया नाबालिग बेटा

( यंग भारत न्यूज )

अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद और स्तब्ध कर देने वाली पारिवारिक त्रासदी सामने आई है। यहां एक किराए के मकान में रह रहे परिवार के मुखिया की सोते समय धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई।

इस गंभीर मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के ही 17 साल के बेटे को कानून के दायरे में लेते हुए डिटेन किया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक मूल रूप से डीग जिले के रहने वाले थे और अलवर में अपने परिवार के साथ रहकर ई-रिक्शा चलाते थे। 9 जून की रात करीब 9 बजे वे काम से लौटकर अपने कमरे में सो गए थे। उस समय घर पर उनके और उनके बेटे के अलावा कोई नहीं था। जब वे गहरी नींद में थे, तभी उन पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ कई वार किए गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस खौफनाक कदम को अंजाम देने के बाद घबराहट या संभवत: गुमराह करने के इरादे से किशोर ने अपने पास ही रहने वाले मामा को फोन मिलाया। उसने फोन पर कहा, 'मामा, तुरंत घर जाओ और पापा को बचा लो।' भांजे की बात सुनकर घबराए मामा जब भागकर मौके पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। कमरे में शव लहूलुहान हालत में पड़ा था। परिजनों के अनुसार, मृतक की पत्नी अपने भाई की शादी में पीहर गई हुई थी। 7 जून को शादी का मुख्य समारोह था, जिसमें पूरा परिवार शामिल हुआ था। अगले ही दिन, यानी 8 जून को पिता और बेटा अलवर वापस लौट आए थे, जबकि मां वहीं रुक गई थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मृतक शराब पीने के आदी थे, जिसके कारण अक्सर तनाव की स्थिति रहती थी। अरावली विहार



थानाधिकारी रामेश्वर दयाल ने बताया कि मंगलवार रात करीब 10 बजे पुलिस को इस घटना की सूचना मिली थी। जब पुलिस टीम परिजनों के साथ मौके पर पहुंची, तो कमरे की स्थिति देखकर हर कोई सन्न रह गया। पुलिस ने तुरंत शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में भिजवाया, जहां बुधवार सुबह पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। पुलिस के अनुसार, शुरुआती पूछताछ में वारदात के सटीक और स्पष्ट कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। किशोर से किशोर न्याय बोर्ड के नियमों और तय गाइडलाइंस के तहत ही मनोवैज्ञानिक और संवेदनशील तरीके से पूछताछ की जा रही है ताकि इस खौफनाक कदम के पीछे की असली वजह सामने आ सके।

# घोटालाः आय से अधिक संपत्ति के मामले में पूर्व कांग्रेस विधायक मुकेश श्रीवास्तव गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन घोटाले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए विजिलेंस की टीम ने पूर्व कांग्रेस विधायक मुकेश श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है. यह गिरफ्तारी लखनऊ के वेव मॉल से की गई है. गिरफ्तारी के तुरंत बाद पूर्व विधायक को मेडिकल परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद विजिलेंस की टीम उनसे इस मामले में आगे की पूछताछ करेगी.

दरअसल, पिछले दिनों विजिलेंस डिपार्टमेंट ने श्रावस्ती में पूर्व विधायक सहित कई अन्य आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत कराए गए कार्यों में वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की एफआईआर दर्ज की थी. जांच के दौरान विजिलेंस विभाग को कई पुख्ता सबूत मिले, जिसके आधार पर पूर्व विधायक को गिरफ्तार किया गया है.

एनआरएचएम से जुड़े स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा विभाग के तहत किए गए कार्यों में वित्तीय अनियमितता की जानकारी मिली थी, जिसके बाद विजिलेंस ने इस मामले में जांच शुरू की. जांच में कई तथ्य ऐसे सामने आए, जिनमें यह साबित हुआ कि भ्रष्टाचार किया गया है. उसके बाद श्रावस्ती में पूर्व विधायक सहित कई अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई. एफआईआर दर्ज करने के बाद कार्रवाई शुरू की गई, उसी के तहत लखनऊ से पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया है. वहीं, कुछ लोगों की गिरफ्तारी श्रावस्ती में भी की गई है. पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव के गिरफ्तारी को लेकर



विजिलेंस की ओर से प्रेसनोट जारी किया गया है, जिसमें बताया गया कि लखनऊ सेक्टर में विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी. यह स्नढ्ढक्र भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज की गई है. एफआईआर में बताया गया है कि 6 मार्च 2022 से 11 मार्च 2017 के बीच विधायक ने अपनी आय से अधिक की संपत्ति जुटाई है. आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई करते हुए इन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है. उसमें यह भी बताया गया है कि मुकेश के खिलाफ एनआरएचएम घोटाले से जुड़े तीन अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं, उस संबंध में भी मुकेश से पूछताछ व एविडेंस कलेक्शन का कार्य चल रहा है. दर्ज की गई स्नढ्ढक्रके तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है. एविडेंस के आधार पर आगे भी कार्रवाई की जाएगी.

# फेरों के समय गुल हुई बिजली बदल गई दुल्हनें सुहागरात में हुआ खुलासा जाने फिर दूल्हों ने क्या किया

( यंग भारत न्यूज )

बिजली गुल होना बड़ी आम बात है। लेकिन मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में एक गांव में बिजली क्या गुल हुई हंगामा मच गया। एक शादी में बड़ा कांड हो गया। यहां फेरे के समय अचानक बिजली चली गई। अंधेरे में दुल्हनें आपस में बदल गई। फिर सुहागरात पर दुल्हनों के बदलने का खुलासा हुआ। इसके बाद जो हुआ वह किसी ने नहीं सोचा था।



यह अनोखा मामला उज्जैन जिले के असलाना गांव का है। यहां 5 मई को दो बहनों की एक ही मंडप के नीचे धूमधाम से शादी हुई। दोनों ने एक जैसी दुल्हन की ड्रेस पहन रखी थी। दोनों घूंघट में थी और अपने-अपने दूल्हों संग फेरे लेने की तैयारी कर रही थी। लेकिन तभी बिजली चली गई। इस दौरान दोनों बहनों ने अपने दूल्हों की बजाय किसी दूसरे दूल्हों संग फेरे ले लिए। हद तो तब हो गई जब दूल्हे पराई दुल्हनों को अपने घर भी ले गए। वह तो सुहागरात पर जब दुल्हन का घूंघट उठाया तो इस गोलमाल का पता चला। फिर दूल्हों ने ये बात परिवारवालों को बताई। यह हेरा फेरी देख परिवार की हक्का बक्का रह गया। दूल्हों ने इन गलत दुल्हनों को अपनाने से इनकार कर दिया। इसके बाद पंडित को कॉल किया गया। फिर दोनों परिवार का समझौता हुआ। दूल्हों को फिर से सही दुल्हनों संग बयाहा गया। ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। दूल्हों के नाम भोला और गणेश हैं। दोनों भील समाज के हैं। गणेश की शादी निकिता से तय हुई थी। वहीं भोला की निकिता की बहन से फिक्स हुई थी। लेकिन बिजली जाने और दोनों दुल्हनों का आउटफिट एक सा होने के चलते अदला बदली हो गई। दुल्हन के पिता रमेश ने बताया कि सारा कन्फ्यूजन गाँव में बिजली जाने की वजह से हुआ था। हालांकि अब उन्होंने दोनों बेटियों की शादी फिर से सही दूल्हे से करवा दी है। अब सब कुछ ठीक है। वहीं ये अनोखा मामला पूरे गाँव में चर्चा का विषय भी बना हुआ है। बिजली जाने पर दुल्हनों की ऐसी अदला-बदली अक्सर फिल्मों में ही देखने को मिला करती थी। लेकिन आज इसे हकीकत में भी देख लिया। वैसे इस अनोखी शादी पर आपकी क्या राय है ? यदि शादी के समय आपकी दुल्हन बदल जाए तो आप खुश होंगे या दुखी ? अपने जवाब हमे कमेन्ट में जरूर दें।

# पत्नी के आंसूओं की पीछे थी बड़ी साजिश, प्रेमी के साथ मिलकर पति को हटाया रास्ते से, लेकिन कॉल रिकॉर्ड ने खोल दिए....

( यंग भारत न्यूज )

महाराष्ट्र के बीड जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, इस घटना की जब सच्चाई सामने आई तो लोगों की होश उड़ गए। जी हां यहां पति की मौत पर आंसू बहाने वाली पत्नी ही उसकी हत्या की साजिश की मास्टरमाइंड निकली। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि महिला ने अपने प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर पति की हत्या की योजना बनाई थी। खबरों की माने तो 1 जून को लिंबागणेश-अंजनवती रोड पर 27 साल के किरण बंडू सोनवणे नामक युवक का शव एक मोटरसाइकिल के नीचे दबा हुआ मिला था। पहली नजर में यह सड़क हादसा लग रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने के निशान मिलने के बाद पुलिस को हत्या का शक हुआ। तकनीकी जांच और मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर पुलिस मृतक की पत्नी प्रियंका सोनवणे, उसके प्रेमी दशरथ परदेशी और उसके साथी धीरज येडे तक पहुंची। पूछताछ के दौरान सामने आया कि प्रियंका और दशरथ के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। बताया गया कि किरण शराब का आदी था और वह अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता था। इसी दौरान प्रियंका और दशरथ के बीच नजदीकियां बढ़ीं, पति के रोज के अत्याचारों से तंग आकर और प्यार में अंधी हो चुकी प्रियंका और दशरथ ने करीब डेढ़ महीने




पहले किरण को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और इसमें धीरज को भी शामिल कर लिया। 31 मई को आरोपियों ने किरण को सुनसान इलाके में ले जाकर रुमाल से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद हत्या को हादसा का नाम देने के लिए शव को सड़क किनारे मोटरसाइकिल के नीचे दबाकर रख दिया।

साजिश को छिपाने के लिए आरोपी धीरज ने अपनी गाड़ी से किरण का शव अस्पताल ले जाने का नाटक किया, जबकि प्रियंका घर में बैठकर रोने का ढोंग कर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रही थी, ताकि किसी को उस पर शक न हो। हालांकि पुलिस ने कॉल रिकॉर्ड और अन्य सबूतों के आधार पर पूरी साजिश का पर्दाफाश कर दिया।

# पाकिस्तान बना जल्लाद, पीओके में 19 बच्चे-7 गर्भवती महिलाओं को गोलियों से भूना, मुनीर पर थू-थू कर रही दुनिया

( यंग भारत न्यूज )

पाकिस्तान से कब्जे वाला कश्मीर संभल नहीं रहा. पीओके में हालात बिगड़ चुके हैं. शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर की टेंशन बढ़ रही है. प्रदर्शनकारी अपने हक के लिए अब आर-पार की लड़ाई लड़ रहे हैं. पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में प्रदर्शन जारी है. पाकिस्तानी सेना प्रदर्शन दबाने में लगी है. उन पर गोलियां चला रही हैं. आवाम की आवाज दबाने को मुनीर की आर्मी लाठी-डंडे भाज रही है. प्रदर्शनकारी अपना हक मांग रहे हैं. पीओके में आर्थिक सुधारों की मांग कर रहे हैं. मगर मुनीर की सेना है कि उनकी आवाज को दबाने के लिए उनकी हत्या ही कर रही है. जी हां, खुफिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अब तक दर्जनों प्रदर्शनकारियों की हत्या हो चुकी है. इसमें भी हैरानी की बात है कि मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक हैं.

दरअसल, पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं. एक खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 5 जून से 9 जून के बीच पाकिस्तानी सेना की कार्रवाई में 19 बच्चों और 7 गर्भवती महिलाओं की मौत हुई है. रिपोर्ट के मुताबिक, यह पीओके में हिंसा उस समय शुरू हुई, जब आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की मांग कर रहे संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के खिलाफ पाकिस्तान सरकार और सेना ने सख्त कार्रवाई शुरू की. जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी पर पाकिस्तान ने आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत बैन लगा दिया है. टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, खुफिया रिपोर्ट में कहा गया है कि संकट की शुरुआत बरमंग ब्रिज पर हुई गोलीबारी से हुई. इसके बाद पूरे क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन फैल गए. हालात तब और बिगड़ गए जब छ्वष्ट के कार्यकारी सदस्य शाहजेब हबीब की कथित तौर पर सेना द्वारा हत्या कर दी गई. हबीब की मौत के बाद हजारों लोग सड़कों पर उतर आए और पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू हो गए. आधिकारिक आंकड़ों में 11 पुरुषों की मौत



की पुष्टि हुई है. हालांकि, खुफिया रिपोर्ट पाकिस्तान सरकार की पोल खोलती दिख रही है. इस रिपोर्ट में बताया गया है कि मारे गए लोगों में 19 बच्चे और 7 गर्भवती महिलाएं भी शामिल थीं. पाकिस्तान ने पीओके में बवाल थामने के लिए 14,000 मुख्यधारा के सैनिक तैनात किए हैं. पूरे पीओके में इंटरनेट सर्विस बंद है. बताया गया है कि 7 जून को शाहजेब हबीब के जनाजे में शामिल लोगों पर सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़ी और बाद में गोलीबारी भी की. रिपोर्ट के अनुसार, उस समय बड़ी संख्या में निहत्थे लोग मौजूद थे. रिपोर्ट के अनुसार, यह अशांति राजनीतिक हाशिए पर डाले जाने और क्षेत्र के जलविद्युत संसाधनों के शोषण से उपजी है, जिससे मुख्य पाकिस्तान को फायदा हो रहा है, जबकि स्थानीय लोग लगातार बिजली कटौती और महंगे बिलों से जूझ रहे हैं. छ्वष्ट ने 38 सूत्रीय मांग पत्र के जरिए जनता को एकजुट किया था, जिसमें सस्ती गेहूं सब्सिडी बहाल करने, नेताओं की सरकारी सुविधाएं खत्म करने, क्षेत्रीय संसाधनों का हक दिलाने और इस्लामाबाद के दखल के बिना स्थानीय शासन की मांग शामिल थी. रिपोर्ट के मुताबिक, 9 जून को करीब 45 लाख कश्मीरी नागरिकों से बड़े मार्च में शामिल होने की अपील की गई थी. इसी दौरान कई जिलों में हिंसा भड़क उठी. भीमबर क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों के काफिलों पर आसिम मुनीर की सेना की ओर से रूप से गोलाबारी की गई. इसी गोली बारी में कत्लेआम मच गया. अब पूरी दुनिया मुनीर पर थू-थू करेगी. बहरहाल, अब तक पीओके प्रदर्शन में 30 से अधिक नागरिकों के मारे जाने का दावा किया गया है. रिपोर्ट के मुताबिक, हबीब की हत्या के बाद हिंसा और बढ़ गई. पाक सेना ने बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां शुरू कीं, 72 से ज्यादा नागरिक नेताओं को हिरासत में लिया और छ्वष्ट के मुख्यालय को सील कर दिया. 7 जून को सुरक्षा बलों ने हबीब की नमाज-ए-जनाजा में जुटे शोकाकुल लोगों पर लाठीचार्ज, आंसू गैस और सीधी गोलीबारी की. सबसे चौंकाने वाला दावा यह है कि पुलिस के सब-इंस्पेक्टर सरदार इनायत को पाकिस्तानी सेना ने इसलिए मार दिया क्योंकि उन्होंने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के आदेश का पालन करने से इनकार कर दिया था.

# युवाओं को सकारात्मक दिशा देती हैं सांस्कृतिक कार्यशालाएं - उपजिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** स्थानीय कमला नेहरू बालिका इंटर कालेज में कोंच इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल एवं भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा की कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी न्यायिक वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यशालाएं युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करती है। कार्यशाला व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है। नाट्य गतिविधियों से बच्चों और युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अभिव्यक्ति कौशल तथा सामाजिक सरोकारों की समझ विकसित होती है। ऐसी कार्यशालाएं युवाओं में रचनात्मक सोच और सामाजिक चेतना का विकास करती हैं।प्रतिभागियो को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों की प्रतिभा को नई पहचान देती हैं। पारस के प्रयासों की जितनी सराहना की जाए उतनी कम है जो कम संसाधनों में भी नगर की प्रतिभाओं को तराशने का कार्य कर रहे। इस तरह की कार्यशालाये बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती है।



कार्यशाला में विभिन्न टीवी सीरियल एवं फिल्मों में कार्य कर चुके अभिनेता मानसिंह करामाती एवं अभिनेता संजू श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को अभिनय के विभिन्न गुरों से रु ब रु कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अभिनय केवल संवाद बोलने की कला नहीं है, बल्कि भाव, अभिव्यक्ति, शरीर की भाषा और आत्मविश्वास का समन्वय है। एक अच्छा कलाकार अपने चरित्र को समझकर उसे पूरी संवेदनशीलता के साथ मंच पर जीवंत करता है। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण ही अभिनय के क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं। दोनों कलाकारों ने बच्चों और युवाओं को मंच के प्रति गंभीरता से जुड़ने तथा अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए नियमित अभ्यास करने की प्रेरणा दी ।कार्यशाला संयोजक पारसमणि अग्रवाल ने कहा कि नि:शुल्क ग्रीष्मकालीन बाल एवं युवा रंगकर्मी नाट्य कार्यशाला का उद्देश्य नगर एवं क्षेत्र की प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है जहां वे अपनी रचनात्मक क्षमताओं को विकसित कर सकें। प्रशिक्षक सानिया सलमानी द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया तो वही कार्यशाला के प्रतिभागियों ने भी अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यशाला के सहयोग में दानिश अहमद, कैफ, योगेंद्र सिंह योगी आदि लगे हुए थे। इस अवसर पर शादाब, अर्स, हेमंत, कौशल, मानसी, महक, नखत, पलक, नसरीन, आफरीन, माही, अफान, सुमयला, काव्या द्विवेदी, चेतन द्विवेदी, निशि राठौर, जीनत, अल्फिया, नैंसी,प्रियांशी, हिमांशी, सौम्या वर्मा, प्राची, ऋतिका वर्मा, प्रियंका चौधरी, पूनम देवी, सानिया, सलमानी, हिफ्जा खान आदि उपस्थित रहे।

# पापा से कहती थी कॉल सेंटर में है जॉब, हर रात 8-10 ग्राहक को खुश करना पड़ता था

( यंग भारत न्यूज )

पुलिस ने देह व्यापार में धकेली गई एक 16 साल की बच्ची को मुक्त कराया है। वह कैसे इस धंधे में धकेली गई और किस तरह इतनी छोटी उम्र में उसे जुल्म का सामना करना पड़ा ? लड़की ने जो बातें बताई वह चौंकाने वाली हैं।

एसोसिएशन फॉर वालंटरी ऐक्शन की सूचना पर मुक्त कराई गई नाबालिग लड़की ने बताया कि उसे साल भर पहले इस काली दुनिया में धकेला गया जहां उसे हर रात 8 से 10 ग्राहकों को खुश करना पड़ता था। पुलिस ने मामला दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है और इस गिरोह में शामिल अन्य संदिग्धों के बारे में तहकीकात जारी है। पीड़ित बच्ची ने बताया कि दर्द की शिकायत करने पर उसे दर्द निवारक गोलियां दी जाती थीं और फिर ग्राहकों के पास भेज दिया जाता था। इस काम के लिए उसे 500 रुपए दिए जाते थे लेकिन ये पैसे भी उसे कभी-कभार और मांगने पर ही मिलते थे। जब उसने खुद को छोड़ देने की विनती की तो ट्रैफिकिंग गिरोह के सदस्य उसे उसके रिकॉर्ड किए गए वीडियो दिखाकर धमकाते थे कि अगर उसने इस काम से मना करने या भागने की कोशिश की तो इसे सार्वजनिक कर दिया जाएगा। पीड़ित बच्ची को उसकी एक सहेली ने बहला-फुसला कर इस धंधे में धकेला था। सहेली ने बच्ची से कहा था कि वह उसे किसी ऐसे आदमी से मिलवाएगी जो रुपए-पैसे की उसकी सभी समस्याएं चुटकियों में दूर कर देगा। बच्ची ने बताया, 'सहेली ने मुझे एक भईया से मिलवाया जिन्होंने मुझे ढेर सारे पैसे कमाने के सब्जबाग दिखाए। तब मुझे समझ में नहीं आया कि मुझे किस दलदल में धकेला जा रहा है। जैसे ही मुझे समझ में आया, मैंने इससे बाहर निकलने की कोशिश की। ये खबर आप हिमाचल से में पढ़ रहे हैं। लेकिन उन लोगों ने चुपके से रिकॉर्ड किए गए वीडियो दिखाकर मुझे मुंह बंद रखने की धमकी दी। बच्ची ने बताया कि उसकी मां की साल भर पहले मौत हो गई थी। वह अपने पिता के साथ रहती है जिन्हें शराब पीने की लत है। बच्ची से जब पूछा गया कि क्या उसके पिता इस बारे में कुछ जानते हैं तो उसने नहीं में सिर हिलाया। उसने कहा, 'उन्हें कुछ नहीं पता। मैंने उन्हें बता रखा था कि मैं एक कॉल सेंटर में काम करती हूं जहां रात को ड्यूटी होती है।' बच्ची ने बताया कि वह हर रोज शाम पांच बजे घर से निकलती थी और ग्राहकों के साथ रात



बिताने के बाद सुबह 5-6 बजे लौटती थी। इस काम में उसे कोई छुट्टी नहीं मिलती थी और उसे रोजाना 8 से 10 ग्राहकों को खुश करना पड़ता था। बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए के लिए काम करने वाली एक संस्था एवीए के वरिष्ठ निदेशक मनीष शर्मा ने बताया, 'हमारी टीम खुद को ग्राहक की तरह पेश करते हुए गिरोह तक पहुंची। हमें उनका भरोसा जीतने में एक महीने से भी ज्यादा का समय लगा। काफी सौदेबाजी के बाद हमने उसे ऑनलाइन पेमेंट किया लेकिन इसके बाद उसने तुरंत अपना ठिकाना बदल लिया। आखिर में उसने हमें द्वारका बुलाया। हमने तत्काल पश्चिमी द्वारका रेंज के डीसीपी अंकित कुमार सिंह को इस बाबत जानकारी दी। सिंह ने तुरंत अपनी टीम को सूचित किया और छापे की तैयारी की। मौके पर पहुंचने पर टीम को वहां से शराब की खाली बोतलें, दर्द निवारक दवाइयां, कुछ एंटी बायोटिक और यौन संक्रमण के इलाज में काम आने वाली कुछ दवाइयां मिलीं। पुलिस ने इब्राहिम नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है लेकिन उसका मानना है कि वह अकेला नहीं है बल्कि उसके पीछे एक पूरा गिरोह है।

# जनपद में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा सकुशल हुई संपन्न

- प्रथम पाली में 2256 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली में 2286 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा
- नगर के 28 परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण पारदर्शिता और शांति पूर्वक कराने के उद्देश्य से केंद्र को किया गया सैनिटाइज़
- नकलविहीन सुचिता और शान्तिपूर्ण तरीके से परीक्षा को सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कंट्रोल रूम से की गई निगरानी
- समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे सहित वॉइस रिकॉर्डर भी रहे क्रियाशील
- परीक्षा के दौरान सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट/ सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे केंद्रों पर रहे मौजूद




( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह सहित जनपद में 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड द्वारा सीधी भर्ती–2026 की लिखित परीक्षा दिनांक 10 जून 2026 को प्रथम पाली में पूर्वाहन 10 से 12 बजे एवं द्वितीय पाली अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा कि सुचिता को भ्रमण के दौरान किया सुनिश्चित।

परीक्षा के सकुशल निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, क्रिश्चियन इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का सत्यापन किया और प्रधानाचार्य कक्ष में बने कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मौके पर कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे से कक्ष में परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं को भी देखा तथा मिनट 2 मिनट रिकॉर्डिंग की जानकारी ली। नगर में उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2026 की लिखित परीक्षा दो पालियों में 10 मार्च 2026 को 28 परीक्षा केंद्रों पर संपादित हुई। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य अथवा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर के साथ विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहे। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्र को सैनिटाइज़ किए जाने के लिए निर्देश। उन्होंने परीक्षार्थियों की जांच के दौरान ही अलग कक्ष में जमा कराने की व्यवस्था को भी देखा। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता, इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किए ज़ाने के निर्देश दिए। परीक्षा नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति भर्ती बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी परीक्षा भर्ती में प्रत्येक पाली में कुल 11424 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें तृतीय दिवस की प्रथम पाली में 9168 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 2256 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा के अंतिम दिवस की द्वितीय पाली में 11424 को परीक्षा हेतु पंजीकृत थे परंतु 9138 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 2286 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी श्री शिव प्रताप शुक्ल,पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रमोद झा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहें।

# बागेश्वर धाम में सुंदरकांड का पाठ सामूहिक राम नाम जाप एवं भजन संध्या



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** आस्था और भक्ति का केंद्र बागेश्वर धाम में एक बार फिर रामभक्त हनुमान जी का जयकारा गूँजा। धाम में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया पाठ उपरांत सामूहिक राम नाम जाप किया गया राम नाम का जाप हुआ जब उपरांत

भजन संध्या का आयोजन किया गया, जहाँ भक्तों ने भक्ति गीतों पर झूमकर बालाजी महाराज को रिझाया। धार्मिक अनुष्ठान के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर 1008 सुंदरकांड की पुस्तकों का वितरण किया गया, ताकि अधिक से अधिक भक्त राम कथा से जुड़ सकें। साथ ही 101 किलो लड्डू का महाप्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। प्रसाद पाकर सभी भक्तों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम की संयोजिका रजनी वर्मा ने बताया कि हनुमान जी की कृपा से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में इंदु सोनी, बंटी समाधिया, मानस द्विवेदी, संजीव दुबे, मधुकर तिवारी, सोनू पलया, मनीष पलया, सावित्री नामदेव एंड पार्टी, रजनी दीक्षित, संगीता वर्मा, प्रीति वर्मा, करण तिवारी, विवेक वर्मा, सिमरन वर्मा, सुधा गुप्ता, आशा तिवारी, श्याम चौवे आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा। बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की आस्था निरंतर बढ़ रही है और यहाँ हर दिन भक्ति का ऐसा ही माहौल बना रहता है

# जुए के अडडे पर छापा .पुलिस ने 13 जुआड़ियों को किया गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )



**समथर।** समथर में संचालित हो रहे अंतरजनपदीय जुए के बड़े अड्डे पर एसओजी झांसी और थाना समथर पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में लाखों रुपये की नगदी, मोबाइल फोन, ताश की गड्डियां तथा लग्जरी कारों समेत कई वाहन बरामद किए गए हैं। कार्रवाई के बाद पूरे दिन थाने के आसपास पैरवीकारों की सक्रियता चर्चा का विषय बनी रही, लेकिन तमाम सिफारिशों और प्रयासों के बावजूद आरोपियों को कोई राहत नहीं मिल सकी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झांसी बीबीजीटीएस मूर्ति, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी मोठ के निर्देशन में अवैध जुआ और सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 9 जून की रात थाना समथर पुलिस और एसओजी झांसी की संयुक्त टीम ने नहर पटरी से ग्राम बड़ोखरी जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास बने एक कच्चे कमरे में छापेमारी की। पुलिस ने मौके से 13 लोगों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में देवेश प्रताप उर्फ विक्की गुर्जर, कुलदीप साहू, जफर, हरिमोहन राजपूत, राजकुमार, शाहिद खान, आकाश, मोहित उदैनिया, प्रद्युम्न यादव, रहीश अहमद, राजनाथ सिंह, अभय प्रताप उर्फ आशीष गुर्जर तथा आनंद शुक्ला शामिल हैं। इनमें झांसी, जालौन और मध्यप्रदेश के दतिया जिले के निवासी शामिल हैं।नगदी, मोबाइल और लग्जरी कारें बरामद पुलिस ने जुआरियों के कब्जे से 5 लाख 50 हजार रुपये की फड़ रकम, 13 हजार 250 रुपये नगद, 15 मोबाइल फोन, चार गड्डी ताश, राजश्री, सिगरेट एवं अन्य सामान बरामद किया। बरामद माल की कुल कीमत लगभग 5 लाख 63 हजार 250 रुपये बताई गई है। इसके अलावा मौके पर खड़ी आई–20 कार, दो डिजायर कार, एक आर्टिका कार, एक हीरो पैशन प्रो मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा स्कूटी को भी पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हुए 12 वर्ष पूर्ण

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 जून को भारत के निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर बने रहने वाले शख्स बन गए हैं. इसी के साथ उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है. इस अवसर पर भा ज पा विधानसभा झांसी ने मडिया महादेव मंदिर पर व बबीना विधानसभा काली माता मंदिर सदर बाजार जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह के नेतृत्व में पूजा अर्चना व भजन कीर्तन किया गया ताकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भी आगे तक देश के प्रधानमंत्री के रूप स्थापित रहे ताकि देश विश्व में एक कीर्तिमान स्थापित कर सके! इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में अपने 12 वर्ष पूरे कर लिए हैं। 26 मई 2014 को पहली बार शपथ लेने के बाद से लेकर अब तक, उनके कार्यकाल का यह स्वर्णिम सफर 'सेवा, सुशासन और जनकल्याण' को समर्पित रहा है! इस अवसर पर सदर विधायक रवि शर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन 12 वर्षों में बिना एक भी दिन की छुट्टी लिए अथक रूप से राष्ट्र की सेवा की इस अवधि में देश ने गरीब कल्याण और अभूतपूर्व विकास को एक साथ साकार होते देखा है!विधायक राजीव सिंह परीक्षा कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के लगातार 12 साल को विकास,विश्वास व जन कल्याण का काल करार देते हुए कहा कि इस दौरान सभी मोर्चों पर देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है।साथ ही सभी मंडलों में मंदिरों में पूजा अर्चना की गई जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह ,सदर विधायक रवि शर्मा, विधायक राजीव सिंह परीक्षा ,सुनीता शर्मा ,ममता लश्करी ,संजीव अग्रवाल लाल ,अखिलेश गुप्ता ,मीनू राजावत ,विकास कुशवाहा ,अभिषेक जैन ,अरविंद राजपूत ,अनिरुद्ध दुबे ,अंकित यादव, देवेंद्र दुबे ,प्रियांशु दे ,शैलेंद्र परमार ,सुमन पुरोहित ,ऋषि सैनी ,दिलीप पुरी ,निर्मल कुशवाहा ,मोनू शिवहरे ,अनुज नीखरा ,धीरज अग्रवाल ,अमर सिंह कुशवाहा ,गोकुल दुबे ,शैलेंद्र प्रताप सिंह ,नितिन परिहार ,प्रदीप खटीक ,कमलेश परिहार ,मंगल श्रीवास्तव ,रंजीत साहू ,ममता चौरसिया , नैना पाखरे, श्वेता नामदेव ,कविता शर्मा ,प्रतिमा कुलकर्णी ,शामली सिंह ,राशि साहू ,दीपा कुशवाहा ,अनुराग पाखरे ,किशोर वर्मा, दीनदयाल प्रजापति आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण में उ0प्र0 के परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी रेंज ने लगातार 05वीं बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

## -जनपद झाँसी एवं जालौन नें लगातार 05वीं बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

## -रेंज के जनपद प्रभारी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण / समयबद्ध कराएं विधिक निस्तारण

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में माह मई, 2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि महोदय के कुशल निर्देशन में आईजीआरएस / समाधान पोर्टल पर माह मई, 2026 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे (आईजीआरएस) पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह– मई 2026 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने वर्ष 2026 में लगातार 05वीं बार प्रथम रैंक प्राप्त की है साथ ही रेंज के जनपद झाँसी एवं जालौन ने भी लगातार 5वीं बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसकी पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा सराहना कर उत्साहवर्धन किया गया । पुलिस महानिरीक्षक झाँसी परिक्षेत्र झाँसी महोदय द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ0नि0 श्री राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर श्री विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–ए को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरुष्कार से पुरुष्कृत किया गया है। महोदय द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को (IGRS) प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है जिससे आमजनमानस में पुलिस की उत्कृष्ट छवि, निष्पक्ष कार्यप्रणाली एवं विश्वसनीयता की भावना बनी रहे एवं शिकायतों में निरन्तर कमी हो ।

# अर्थी को कंधा न दे बेटा..लिखकर पिता ने दी जान

## परिवारिक विवाद में कारोबारी ने जहर खाया, जेब से मिला सुसाइड नोट

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** जनपद में 60 साल के कारोबारी ने सुसाइड कर लिया। उसका अपने बेटे से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ने पर कारोबारी ने मंगलवार को जहर खा लिया। फिर अपने फूफा को फोन कर जानकारी दी और कहा– मुझे बचा लो।

फूफा समेत अन्य परिजन उनको मऊरानीपुर सीएचसी ले गए, जहां से झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी जेब से एक सुसाइड नोट भी मिला। सुसाइड नोट में लिखा है– मेरे मरने के बाद बेटा मेरी अर्थी को कंधा न दे। मैं 3 लोगों से परेशान होकर अपनी जान दे रहा हूं। इसमें बेटा समेत अन्य घरवालों के नाम लिखे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पूरा मामला मऊरानीपुर थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम घनश्याम दास सेन (60) पुत्र मकरध्वज सेन था। वह मऊरानीपुर के देवरी सिंहपुरा बस स्टैंड पर रहते थे। घनश्याम दास के फूफा कैलाश चंद्र ने बताया– मेरे भतीजे घनश्याम दास सेन की रानीपुर बस स्टैंड पर गिट्टी, सीमेंट और सरिया की दुकान चलाते थे। उनके दो बेटे रिंकू और पिंटू व दो बेटी मीनू और सोनम हैं। चारों की शादी हो चुकी है। पैसों को लेकर एक बेटे–बहू से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते मंगलवार दोपहर को भतीजे ने जहर खा लिया। फिर मुझे और भतीजे राजू उर्फ शरदकुमार को फोन लगाया। बताया कि जहर खा लिया और बचा लो। हम लोग उन्हें लेकर मऊरानीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। यहां झांसी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने घनश्याम को मृत घोषित कर दिया। फूफा कैलाश चंद्र ने आगे बताया कि भतीजे की जेब से एक पेज का सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा है– मेरे मरने के बाद मेरा अंतिम संस्कार मेरे तीनों भाई, मेरा बड़ा बेटा और बड़ा नाती करेगा। इसके अलावा मुझे कोई मुझे कंधा नहीं देगा। मैं तीन लोगों से अत्यंत परेशान होकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर रहा हूं। मऊरानीपुर थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि परिवार में झगड़ा होने के चलते घनश्याम ने जहर खा लिया था। इस वजह से उनकी मौत हो गई।

# श्री मती सुखदेवी त्रिपाठी की तृतीय पुण्यतिथि पर हुआ धार्मिक कार्यक्रम

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय** । श्री मती सुखदेवी त्रिपाठी की तृतीय पुण्यतिथि पर हुआ धार्मिक कार्यक्रम। मुहल्ला–कटरा निवासी रामपाल त्रिपाठी जी की धर्मपत्नी एवं पं. अभय त्रिपाठी एडवोकेट जनजागरण सेवा संस्थान (रजि.) के अध्यक्ष की माता जी श्री मती सुखदेवी त्रिपाठी की तृतीय पुण्य तिथि पर श्री राम चरित मानस का संगीतमय पाठन मंशाराम नायक सगौली द्वारा किया गया तत्पश्चात हवन पूजन का आयोजन किया गया जिसे विधि विधान से पं. श्री श्री 1008 श्री राम किशोर पाठक आचार्य द्वारा कराया गया।

जिसमे नगर के गणमान्य नागरिकों ने माता जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं हवन उपरांत कन्या भोज एवं भंडारे का भी आयोजन कराया गया।इस दौरान पं. आचार्य राम किशोर पाठक,गोपाल भाई पालीवाल,रमेश मौर्य,मेजर अखिलेश पिपरैया,आलोक त्रिपाठी,शरजू शरण पाठक,सुखदेव व्यास,फूलसिंह परिहार,जे.जे.मिश्रा,मिन्टू पटेरिया,अश्वनी पस्तोर, श्याम सुंदर रिछारिया,प्रधानाचार्य हरिमोहन तिवारी,मोनू मिश्रा, भारतेंदु बुंदेला,धर्मपाल सिंह,रामभरोसे पेंटर, परमार भस्नेह,अनुग्रह त्रिपाठी,ओम प्रकाश रिछारिया,अनुज दुवेदी नागर प्राधन,राज कुमार गुप्ता जी,योगेश व्यास,राम जी विदुआ आदि सेकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718